मूल्य 1 रु.
वर्ष: 14 - अंक : 98, मुंबई, शुक्रवार, 7 जून, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल ®

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त


अब हर सच होगा उजागर




## कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने मोदी और शाह को घेरा, जांच के लिए जेपीसी गठन की मांग

## राहुल का बड़ा आरोप

# झूठे एग्जिट पोल से निवेशकों के डूबे गए 30 लाख करोड़




## 4 जून को शेयर बाजार में तीन साल बाद बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दी गई शेयर खरीदने की सलाह और फिर चुनाव के बाद आए 'झूठे एक्जिट पोल' के कारण शेयर बाजार में सबसे बड़ा घोटाला हुआ है जिसमें निवेशकों के 30 लाख करोड़ रुपये डूब गए। उन्होंने कहा कि इस आपराधिक कृत्य में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री और एक्जिट पोल करने वालों की भूमिका की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन किया जाए। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**


राहुल गांधी का कहना था, 3 जून को शेयर बाजार सारे रिकॉर्ड तोड़ देता है, 4 जून को खटाक से नीचे चला जाता है। हजारों करोड़ रुपये का निवेश किया गया था। खुदरा निवेशकों के 30 लाख करोड़ रुपये डूब गए। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने निवेश की सलाह क्यों दी? पांच करोड़ निवेशकों को शेयर खरीदने की सलाह क्यों दी गई? फायदा उठाने वाले विदेशी निवेशक कौन हैं?

## निवेशकों को गुमराह कर रहे राहुल: गोयल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों पर भाजपा नेता पीयूष गोयल ने कहा कि राहुल गांधी निवेशकों को गुमराह करने की साजिश रच रहे हैं, जबकि प्रधानमंत्री मोदी भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए काम कर रहे हैं। शेयर बाजार में घोटाले के आरोप बेबुनियाद हैं।



## महिला कांस्टेबल ने कंगना रनौत को थप्पड़ मारा



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से चुनाव जीती भाजपा की सांसद और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत को एक महिला कांस्टेबल ने थप्पड़ मार दिया। घटना चंडीगढ़ हवाईअड्डे की है। खबर सामने आने के बाद कंगना ने खुद वीडियो बना कर इसकी जानकारी दी और कहा कि महिला चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर तैनात सीआईएसएफ की महिला जवान ने उनको थप्पड़ मारा और साथ ही गालियां भी दीं। कंगना को थप्पड़ मारने वाली जवान का नाम कुलविंदर कौर बताया जा रहा है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# मुंबई में अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान पथराव

## 10 से अधिक पुलिसकर्मी और मनपा कर्मी घायल



**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** पवई में हीरानंदानी अस्पताल के पास जय भीम नगर झुग्गी बस्ती में गुरुवार को अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान हंगामा हो गया। अतिक्रमण हटाने गए कर्मियों पर स्थानीय लोगों ने पथराव कर दिया। इस घटना में एक सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) समेत 10 से अधिक पुलिसकर्मी और बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के कुछ कर्मचारी घायल हो गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि नगर निकाय का अतिक्रमण रोधी दल कथित अवैध ढांचों को हटाने के लिए वहां गया था और उसकी सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों का दल भी साथ था। उन्होंने बताया कि एक खुले भूखंड पर बने इन अवैध ढांचों की संख्या करीब 400 है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### अब वैसा भरोसा नहीं!

**पश्चिमी मीडिया के मुताबिक अमेरिका की सामरिक रणनीति के तकाजों को पूरा करने की मोदी की क्षमता को लेकर अब वहां भरोसा घटेगा। मतलब, बाजार हो या पश्चिमी राजधानियां- मोदी को वहां उतार पर पहुंच चुके नेता के रूप में देखा जाने लगा है।**

लोकसभा चुनाव के नतीजों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रुतबे पर जो प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, अब वह कई रूपों में जाहिर होने लगा है। मोदी की खास ताकत वित्तीय बाजारों और पश्चिमी राजधानियों में उनकी ऊंची साख रही है। यह साख इस यकीन से बनी कि मोदी संबंधित नीतियों पर प्रभावी अमल कर सकने में सक्षम हैं। आर्थिक वित्तीय नीतियों के निर्माण और उन पर अमल में मोदी ने देशी और विदेशी मार्केट एजेंसियों और विशेषज्ञों की बड़ी भूमिका बना दी। उन्हें सीधे सरकार में भागीदारी दी गई। यह संभवतः ऐसे विशेषज्ञों की सलाह का ही असर था कि मोदी सरकार ना सिर्फ कल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए आवंटन घटाती गई, बल्कि प्रधानमंत्री ने जन-कल्याण की धारणा के खिलाफ ही वैचारिक मुहिम छेड़ दी। जिस तरह कम आय और उपभोग क्षमता वाले इलाकों- खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में इस बार भाजपा का समर्थन आधार घटा है, उससे साफ है कि इस रास्ते पर चलने की कीमत भाजपा को चुकानी पड़ी है। उससे उसके सामने गठबंधन सरकार बनाने की मजबूरी आई है। इससे बाजार की एजेंसियां परेशान हैं। बुधवार को अमेरिकी रेटिंग एजेंसियों मूडीह्लज और फिच ने आशंका जताई कि मोदी के तीसरे कार्यकाल में ह्लदूरगामी सुधारोंह्व पर अमल कठिन हो जाएगा। ऐसा हुआ, तो इसका प्रभाव भारत की आर्थिक वृद्धि संबंधी संभावनाओं पर पड़ेगा। दोनों एजेंसियों ने ध्यान दिलाया कि युवाओं में बेहद ऊंची बेरोजगारी दर और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में गिरावट के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने पहले से ढांचागत चुनौतियां मौजूद हैं। अब नई बनी राजनीतिक परिस्थितियों के कारण राजकोषीय स्थिति भी कमजोर हो सकती है। नतीजा यह होगा कि रोजकोषीय सेहत के मामले में इंडोनेशिया, फिलीपीन्स और थाईलैंड से जैसी समान आर्थिक हैसियत जैसे देशों की तुलना में भारत कमजोर हाल में बना रहेगा। उधर पश्चिमी मीडिया में ऐसे विश्लेषण आए हैं, जिनके मुताबिक अमेरिका की सामरिक रणनीति के तकाजों को पूरा करने की मोदी की क्षमता को लेकर अब वहां भरोसा घटेगा। कुल निष्कर्ष यह कि बाजार हो या पश्चिमी राजधानियां- मोदी को वहां उतार के दौर में पहुंच चुके नेता के रूप में देखा जाने लगा है। इसके दूरगामी परिणाम होंगे।

## अकीदत के सफर हज पर विशेष श्रृंखला 02


# मानव समानता और विश्व बंधुत्व का जीवंत प्रदर्शन और काले गोरे का भेद खत्म करता है हज मुबारक

# इस्लाम में काबे का महत्व और उसकी वास्तविकता

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**सिरोंज।** हज और कुबार्नी इस्लाम का अंतिम स्तंभ है। हज में ही पूरी दुनिया से सिमट सिमट कर मुसलमान खाने काबा पहुंचते हैं। इसका तवाफ करते हैं। सई करते हैं और अराफात में जमा होते हैं। और वक्त के इमाम का खुतबा (भाषण) सुनते हैं। कुबार्नी करते हैं। इस पूरी प्रक्रिया का नाम हज है और साथ ही साथ पैगंबरे इस्लाम अल्लाह के आखिरी नबी रसूल हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैह वसल्लम के रोजे मुबारक में हाजिर होते हैं और नियत अदब व एहतेराम के साथ दरूदो सलाम का नजराने अकीदत पेश करते हैं। हज मुसलमानो का विश्व स्तरीय सम्मेलन है जिसमें पूर्व पश्चिम उत्तर दक्षिण हर तरफ से मुसलमान क्या काले क्या गोरे क्या बादशाह क्या फकीर सभी सम्मिलित होते हैं और समानता का ज्वलंत प्रदर्शन होता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक न्याय व बंधुत्व का प्रदर्शन हज के अवसर पर ही होता है संसार जिसका विकल्प प्रस्तुत करने में असमर्थ रहा है और रहेगा। हज और कुबार्नी के मुबारक मौके पर मीडिया को जारी अपने पैगाम पर मध्य प्रदेश धनपुरी के युवा पत्रकार इस्लामी विद्यमान श्री साजिद खान ने प्रदेश टाइम्स के श्री सलमान खान को जानकारी देते हुए बताया किः-

दुनिया की इबादतगाहो में अल्लाह का पहला घर वह है जिसे काबा के नाम से जाना जाता है। अल्लाह ने इसे सर्वथा भलाई बरकत और सारे संसार के मार्गदर्शन का उद्गम बनाया है। यह एकेश्वरवाद और विशुद्ध धर्म का आवाहन का स्रोत है। यह सन्मार्ग का ज्योतिपुंज और मानव जाति का शरण स्थल है व शांति का घर है। हज काबा की जियारत व इससे संबंध अन्य अनुष्ठान को कहते हैं।हज जीवन भर में हर उस व्यक्ति पर एक बार फर्ज अनिवार्य है जो मक्का की यात्रा की शक्ति रखता हो और जिसके पास इतना धन हो कि वह यात्रा का खर्च पूरा कर सके तथा मार्ग सुरक्षित हो। नमाज जकात और रोजे की तरह हज का उद्देश्य भी मानव जीवन को भक्तिमय बनाना है। हज इस्लाम का पांचवा तथा अंतिम स्तंभ है इसलिए इसका महत्व और प्रभाव भी सबसे अधिक है। नमाज पढ़ने जकात देने और रोजा रखने में मनुष्य को ना पत्नी और संतान को छोड़ना पड़ता है ना नगर गृहस्थी और कुटुंब परिवार को ना उद्योग व्यवसाय को न शासन और अधिकार को ना नगर और देश को परंतु हज के लिए इन सबको छोड़ना पड़ता है।



इबादत भक्ति तथा अल्लाह के प्रेम की वह कितनी अताह भावना होती है जो मनुष्य को अपनी समस्त प्रिय वस्तु छोड़ देने के लिए तैयार कर देती है। नमाज जकात और रोजे का प्रभाव व्यक्ति समाज अधिक से अधिक नगर तथा देश पर पड़ता है परंतु हज का असर सारे संसार पर पड़ता है। हज नियत समय पर होता है और अधिक या कम सभी देशों के मुसलमान हज करने जाते हैं। हज जिलहिज्जा के महीने में होता है जो इस्लामी साल का 12वां महीना है। काबा की विशेषता क्या है यह जान लेना भी आवश्यक है इस्लाम सारी मानव जाति का अल्लाह प्रदत्त आदिकाल से चला आ रहा पुराना तथा सार्वभौम धर्म है।

संसार में जितने भी ईशदूत हुए है वे सब इस्लाम के संदेशवाहक और पैगंबर थे। इन्हीं में से हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम भी एक महान ईशदूत थे हजरत मूसा अलै. हजरत ईसा अलै. भी उन्हीं के संतान थे। हजरत इब्राहिम अलै. के पुत्र हजरत इस्माइल अलै. की संतान मक्का की कुरैशी जाती थी। जिसमें अंतिम ईशदूत हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पैदा हुए। मक्का के पवित्र ग्रह काबा को अब से 4500 वर्ष पूर्व हजरत इब्राहिम अलै. ही ने अपने पुत्र हजरत इस्माइल अलै. के सहयोग से निर्मित किया था और यह हज की प्रथा उन्हीं की चलाई हुई है संसार भर की मस्जिदे काबा के अधीन मानी जाती है तथा इसी की दिशा में बनाई जाती है ताकि संसार भर के मुसलमान इस्लाम के केंद्र की ओर मुंह करके नमाज पढ़े और इस प्रकार अपने केंद्र से संबंधित और धर्म भावना के एक सूत्र में बंधे रहे तथा यह भावना उनमें जागृत रहे कि वह विभिन्न क्षेत्रो और देशो में बसते हुए भी एक सार्वभौम इस्लामी बिरादरी के सदस्य हैं तथा इस सार्वभौम इस्लामी बिरादरी को स्थापित रखने के लिए साल में एक बार हज का विधान बनाया गया है ताकि अवसर पर संसार के कोने-कोने में बसने वाले मुसलमान इस्लाम के केंद्र में एकृत हो, एशिया के रहने वाले भी अफ्रीका के रहने वाले भी तथा यूरोप और अमेरिका के रहने वाले भी गोरे भी, काला भी, लाल भी, सब एक दूसरे से मिले सब एक दूसरे से परिचित हो सब सामूहिक रूप से हज करें और इस्लाम के संगम में सब एक हो जाए। जिस पवित्र घर का मुसलमान हज करते हैं वह अल्लाह की दृष्टि में बहुत महत्वपूर्ण है वहां हाजिरी देने वाला अल्लाह के नजदीक प्रिर बंदा है इस स्थान का आकर्षण देखिए की दिन और रात 24 घंटे यह कभी गैर आबाद नहीं रहता। प्रत्येक समय और प्रत्येक मौसम में इसके इर्द-गिर्द तवाफ (परिक्रमा) होता रहता है। ईद के साथ ही रमजान शरीफ के अंतिम 10 दिनों में यहा इतना मजमा रहता है कि बिल्कुल हज के जैसा समा होता है।

सभी भाइयों बहनों से मेरी दिल गुजारिश है की मुझे दीन ईमान इस्लाम का इल्म देने वाली और मुझसे बेइंतहा मोहब्बत करने वाली अल्लाह की रहमत अजीम शख्सियत मेरी मोहसिन मेहरबान अम्मीजान जिनके कदमों के नीचे अल्लाह ने जन्नत रखी है हज्जन जुबेदा बी रहमतुल्लाहि अलैहा और जन्नत के दरवाजे मेरे अब्बू जनाब बाबू खान रहमतुल्लाह अलैह इन दोनों के लिए खुशूसी दुआए मगफिरत फरमाए कि अल्लाह इनकी बख्शीश और मगफिरत फरमाकर आलमे बरजख के इल्लीन आला मुकाम अता फरमाए और अपनी रहमत और अपना नूर अता फरमाकर इनकी कब्रो को जन्नत के बाग में तब्दील फरमाए और कब्र के अजाब से जहन्नम की आग से पुलसिरात की सख्तियो से मैदाने महशर की तकलीफों से हिफाजत फरमाए और बदले के दिन जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता फरमाए हम आप सभी भाइयों बहनों पर अपना करम फरमाए आमीन या रब्बुल आलमीन आप सभी भाइयों बहनों की दुआओं का तलबगार आपका भाई।

**प्रस्तुति - साजिद खान धनपुरी**
**शहडोल मध्य प्रदेश**

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# वृक्ष, प्राण वायु का भंडार-कमिश्नर

## वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण कर भविष्य को बनाए सुगम-एडीजीपी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने ग्राम बटुरा के ग्रामीण जनों से अपील करते हुए कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए। पेड़ हमें प्राण वायु देते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी प्रत्येक शुभ अवसर पर एक-एक वृक्ष लगाए एवं वृक्ष लगाने के साथ-साथ वृक्ष के संरक्षण की भी जिम्मेदारी लें। कमिश्नर ने कहा कि पेड़ ऑक्सीजन का सबसे बड़ा भंडारण होते हैं। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद बुधवार को शहडोल जिले के जनपद पंचायत बुढार के ग्राम बटुरा में स्थित प्राचीन मौहारी देवी माता मंदिर के प्रांगण में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



कमिश्नर ने कहा कि पर्यावरण की दृष्टि से हमारा जीवन साल दर साल कठिन होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज से कुछ दशक पहले हमारा जीवन बहुत आसान हुआ करता था। हमें अपने जीवन को आसन एवं सुगम बनाने के लिए वृक्षारोपण कर पर्यावरण को सुधारने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कुछ दशक पहले पेड़ पौधे होने से तापमान की स्थिति ठीक रहती थी, पहले नदी, नालों कुओं एवं तालाबों में साल भर पानी रहता था। आज की स्थिति में पेड़ पौधे कट जाने पर नदी, नालों कुओं एवं अन्य जल संरचना में पानी सूख जाता है तथा तापमान बिगड़ता जा रहा है, जिसकी वजह से जीवन जीना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें बरसात आने से पहले जल संरक्षण के कार्य को करना होगा, बरसात के पानी को रोकना होगा खेत का पानी खेत में एवं गांव का पानी गांव में ही संरक्षण करना होगा। कमिश्नर श्री बीएस जामोद ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप बच्चों को पढ़ना ना भूले, बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजें एवं बच्चों को शिक्षा दिलाने हेतु संकल्प भी ले।

उन्होंने कहा कि जिस घर का बच्चा स्कूल जाने योग्य है फिर भी वह स्कूल नहीं जा रहा है तो उसके अभिभावकों से मिले एवं स्कूल भेजने हेतु उन्हें प्रेरित करे तथा शिक्षा के महत्व को उन्हें बताएं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीजीपी शहडोल जोन श्री डीसी सागर ने कहा कि हमें जल संरक्षण के साथ-साथ जल की पवित्रता को भी बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि ऐसी जल संरचनाएं जो मंदिरों के समीप बने हैं उनकी पवित्रता को भी बनाए रखें, उनमें साबुन, शैंपू आदि का उपयोग न करें। उन्होंने कहा कि हम सभी पेड़ों की सुरक्षा करें एवं पेड़ को काटने से बचने हेतु संकल्प भी ले। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के साथ-साथ जल संरचनाओं में गहराई हेतु संकेतक बोर्ड भी लगाएं। उन्होंने कहा कि जल है तो कल है यह एक वाक्य ही नहीं यह एक परम सत्य भी है हमें इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। अगर पानी नहीं है तो कोई भी इंसान या जीव पानी के बिना जीवित नहीं रह सकता इसीलिए जीवन के लिए पानी का होना अति आवश्यक है।

कलेक्टर श्री तरुण भटनागर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे जिले में जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले भर में ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 7 लाख से ज्यादा एवं शहरी क्षेत्र में लगभग 75 हजार से ज्यादा पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है एवं इस पर तत्परता के साथ कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी जल संरचनाएं जिनकी पिचिंग, घाट आदि क्षतिग्रस्त हो गए हैं, उनका भी जीर्णोद्धार किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि इस जल गंगा संवर्धन अभियान में आप सभी के संपूर्ण योगदान एवं सहयोग की आवश्यकता है। आप सभी मिलकर इस अभियान को जन अभियान बना कर इस लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे कटने एवं जल संरचनाओं के सूख जाने से पर्यावरण खराब होता जा रहा है, जिसके कारण से तापमान तेजी से बढ़ रहा है। हमें पर्यावरण को सुधारने की आवश्यकता है एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की भी आवश्यकता है। आयोजित कार्यक्रम के दौरान कमिश्नर श्री बीएस जामोद ने ग्रामीणों को वृक्षो को काटने से बचाने एवं जल संरक्षण के लिए सपथ भी दिलाई। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शहडोल श्री राजेश जैन ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस दौरान कमिश्नर, एडीजीपी एवं कलेक्टर ने ग्राम बटुरा के प्राचीन मौहारी देवी माता मंदिर के तालाब में साफ सफाई हेतु श्रमदान किया साथ ही वृक्षारोपण कर पर्यावरण को बचाने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बुढार श्री मुद्रिका सिंह सहित काफी संख्या में ग्राम बटुरा के ग्रामीण जन उपस्थित रहे।


# कानपुर में झगड़े के बाद पंखे से लटके मिले पति पत्नी के शव, वजह बनी शराब

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**कानपुर।** नशे की आदत यहां हंसते खेलते परिवारों को भी चौपट कर रही है। इसी कथन की पुष्टि करने वाली घटना महाराजपुर थाना क्षेत्र में हुई ,जहां आपस में हुए झगड़े के बाद पति पत्नी ने पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली । पुलि दोनों की लाखों को कब्जे में लेकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घटना की जांच कर रही है।

वैसे कानपुर में यह घटना पहली नहीं है इसके पहले भी शराब हत्या और आत्महत्या की कई घटनाओं का कारण बन चुकी है। महाराजपुर की भदासा में हुई इस घटना की जानकारी आज गुरुवार सुबह परिजनों को हुई, तो चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। यह घटना कानपुर के महाराजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भदाशा गांव की है। यहां के रहने वाले अरविंद की शादी अर्चना से 3 साल पहले हुई थी । बीती बुधवार की रात दोनों अपने घर की छत पर थे, जहां किसी बात पर दोनो में बहस हो गई और वो नीचे आ गए । नीचे आने के बाद दोनो ने एक ही पंखे से लटक कर अपनी जान दे दी । परिजनों के मुताबिक, अरविंद शराब पीने का आदी था। वह आए दिन शराब पीकर घर आता और अपनी पत्नी से मारपीट करता था । कुल मिलाकर शराब पीने की आदत ही इस घटना की वजह बन गया। फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

- प्रतिदिन शराब पीने के बाद पत्नी के साथ झगड़ा करता था युवक,घटना के पहले दोनों के बीच हुआ था झगड़ा
- कानपुर में पहले भी हत्या और आत्महत्या की अनेक घटनाओं का कारण बन चुकी है शराब



## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### राहुल का बड़ा आरोप

राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा, पहली बार हमने देखा कि कि चुनाव के समय प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और वित्त मंत्री ने शेयर बाजार पर टिप्पणी की। फिर 1 जून को झूठे एक्जिट पोल आए। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के आंतरिक सर्वे में 220 सीट मिल रही थी, लेकिन एक्जिट पोल में ज्यादा सीटें दिखाई गईं। राहुल गांधी का कहना था, 3 जून को शेयर बाजार सारे रिकॉड तोड़ देता है, 4 जून को खटाक से नीचे चला जाता है। हजारों करोड़ रुपये का निवेश किया गया था। खुदरा निवेशकों के 30 लाख करोड़ रुपये डूब गए। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने निवेश की सलाह क्यों दी? पांच करोड़ निवेशकों को शेयर खरीदने की सलाह क्यों दी गई? फायदा उठाने वाले विदेशी निवेशक कौन हैं? कांग्रेस नेता ने कहा कि यह शेयर बाजार सबसे बड़ा घोटाला है तथा आपराधिक कृत्य है और इस मामले की जांच के लिए जेपीसी का गठन होना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि इसमें प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और एक्जिट पोल करने वालों की भूमिका की जांच होनी चाहिए। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी ईएएस शर्मा ने चुनाव परिणाम के दिन 4 जून को शेयर बाजार में आई भारी गिरावट की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जांच कराने की गुरुवार को मांग की। शेयर बाजार में इस गिरावट से निवेशकों को 31 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी थी। आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ को लिखे पत्र में शर्मा ने पूछा है कि क्या भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने लुढ़कते बाजार को संभालने के लिए कोई कदम उठाया। क्या 3 और चार 4 को शेयर बाजार में तेज उतार-चढ़ाव के कारणों का पता लगाने के लिए कोई जांच शुरू की गई। वर्ष 1999-2000 के दौरान वित्त मंत्रालय में सचिव रहे शर्मा ने कहा, यह परेशान करने वाली बात है कि कई कारकों ने मिलकर तीन जून, 2024 को शेयर बाजार में उछाल ला दिया और उसके अगले दिन भारी गिरावट आ गई। इससे छोटे निवेशकों की बाजार में निवेश की गई कड़ी मेहनत की बचत खत्म हो गई। शेयर बाजार के बड़े दिग्गजों को उनके मुताबिक कीमत पर मुनाफा कमाने का मौका मिल गया। इससे शेयर बाजार पूरी तरह से उबर नहीं पाया है।

### महिला कांस्टेबल ने कंगना रनौत को थप्पड़ मारा

इस घटनाक्रम पर कुलविंदर का बयान भी सामने आ चुका है। उसने कहा है कि वो कंगना के किसान आंदोलन पर दिए गए बयान से आहत थी। कंगना को थप्पड़ मारने के बाद कुलविंदर कौर का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में वो कह रही हैं- कंगना ने कहा था कि एक एक सौ रुपए की खातिर लोग किसान आंदोलन में बैठ रहे है। जब उसने यह बयान दिया तो मेरी मां भी वहां बैठी थी। महिला जवान को निलंबित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि कंगना रनौत चुनाव जीतने के बाद भाजपा की बैठक में शामिल होने के लिए विस्तारा एयरलाइन की उड़ान से दिल्ली रवाना हो रही थीं। तभी सुरक्षा जांच के दौरान महिला जवान ने कंगना को थप्पड़ मार दिया। घटना गुरुवार दोपहर साढ़े तीन बजे की है। शिकायत दर्ज कराने के बाद कंगना दिल्ली पहुंच चुकी हैं। कंगना रनौत ने घटना के बाद एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने कहा- मैं सेफ हूं। आज चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर मेरे साथ हादसा हो गया। एयरपोर्ट पर एक महिला जवान ने मुझे गालियां देनी शुरू कर दीं। उसने बताया कि वो किसान आंदोलन की सपोर्टर है। उसने साइड से आकर मुझे चेहरे पर हिट कर दिया। मैं तो सुरक्षित हूं, लेकिन मेरी चिंता पंजाब में बढ़ रहे उग्रवाद और आतंकवाद को लेकर है। इसे कैसे भी करके हैंडल करना पड़ेगा।


### मुंबई में अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान पथराव

उन्होंने बताया कि स्थानीय निवासियों ने यह कहकर अतिक्रमण रोधी दल का विरोध करना शुरू कर दिया कि वे पिछले 25 साल से वहां रह रहे हैं। जय भीम नगर के निवासियों ने दावा किया कि नगर निकाय ने उन्हें एक जून को निष्कासन नोटिस दिया था। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने प्रदर्शनकारी लोगों के समूह से नगर निकाय कर्मचारियों को अपना काम करने देने को कहा, लेकिन इसी बीच कुछ लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। उन्होंने कहा, एक एसीपी समेत 10 से अधिक पुलिसकर्मियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और कुछ बीएमसी अधिकारी भी पथराव में घायल हुए हैं। अभियान को कुछ देर के लिए रोक दिया गया, लेकिन पथराव जारी रहा। हालात को काबू करने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। पथराव की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें पुरुष एवं महिलाएं पत्थर फेंकते और पुलिस एवं नगर निकाय के कर्मचारी बचने के लिए भागते नजर आ रहे हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद बीएमसी आयुक्त भूषण गगरानी ने घटनास्थल का दौरा किया।

# शुष्क मौसम में और चढ़ेगा पारा... चिलचिलाती गर्मी से राहत न मिलने के आसार, गंगोत्री हाईवे पर आवाजाही बाधित

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में पर्वतीय क्षेत्रों में बादल मंडरा रहे हैं और मैदानी क्षेत्रों में चटख धूप खिल रही है। हालांकि, बीते बुधवार रात को हुई झमाझम वर्षा के बाद से तापमान में थोड़ी गिरावट आई और हल्की हवाएं चलने से गुरुवार को भीषण गर्मी से राहत महसूस की गई। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, अगले कुछ दिन मैदानी क्षेत्रों में मौसम शुष्क रह सकता है। जिससे पारा चढ़ने के आसार हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में आंशिक बादल छाये रह सकते हैं। कहीं-कहीं हल्की वर्षा हो सकती है। दून में भी आंशिक बादल मंडराने के आसार हैं। वहीं उत्तरकाशी में वर्तमान समय में गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग गंगनानी डबरानी के बीच में पहाड़ी से पत्थर गिर रहे हैं। ध्हां वाहनों की आवाजाही दोनों ओर से कुछ समय के लिए रोकी गई। बीआरओ की ओर से अवगत कराया गया है कि उक्त मार्ग यातायात के लिए सुचारु किया गया है। लेकिन पत्थर गिरने का खतरा लगातार बना हुआ है। यह पत्थर उसी स्थान पर गिर रहे हैं जिस स्थान पर 31 मई



को बड़ा हादसा हुआ था, जिसमें एक तीर्थ यात्री सहित दो की मृत्यु हुई थी, दो लापता हुए और 10 से अधिक घायल हुए। लगातार पत्थर गिरने के कारण इस स्थान पर करीब ढाई घंटे वाहनों को रोका गया।

दून में गुरुवार को सुबह से चटख धूप खिली रही, लेकिन हल्की हवा चलने से भीषण गर्मी से कुछ राहत रही। बीती रात दून में हुई झमाझम वर्षा के कारण तापमान में गिरावट आई। हालांकि, अब भी पारा सामान्य से करीब दो डिग्री सेल्सियस अधिक है। न्यूनतम तापमान भी करीब तीन डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। इसके अलावा मसूरी, धनोल्टी समेत आसपास के क्षेत्रों में मौसम सुहावना रहा। मौसम विभाग के अनुसार, आज से अगले कुछ दिन देहरादून समेत आसपास के क्षेत्रों में मौसम शुष्क बना रह सकता है। हालांकि, दून के आसपास के क्षेत्रों में आंशिक बादल छाने और हल्की बौछार के भी आसार हैं। अगले कुछ दिन तापमान में इजाफा हो सकता है। जिससे दिन में गर्मी बढ़ने की आशंका है।

### जुर्माने की राशि चूक के मामलों की संख्या के आधार पर होगी निर्धारित

# सेबी ने निगरानी में चूक के लिए शेयर बाजारों पर जुर्माने के दिशानिर्देश किए जारी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

*बाजार नियामक सेबी ने खुदरा निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए असामान्य या संदिग्ध कारोबारी गतिविधियों का पता लगाने में चूक के लिए शेयर बाजारों और अन्य बाजार अवसंरचना संस्थानों (एमआईआई) पर लगाने वाले जुर्माने से संबंधित एक रूपरेखा बृहस्पतिवार को जारी की।*

निगरानी से संबंधित चूक पर वित्तीय जुर्माने की राशि पिछले वित्त वर्ष में किसी एमआईआई... शेयर बाजार, समाशोधन निगम और डिपॉजिटरी... के कुल वार्षिक राजस्व और वित्त वर्ष में ऐसी चूक के मामलों की संख्या के आधार पर निर्धारित की जाएगी।

## सेबी ने जारी किया परिपत्र

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि नया प्रारूप एक जुलाई, 2024 से लागू होगा। सेबी ने कहा, 'एमआईआई द्वारा निगरानी का सामान्य उद्देश्य बाजार की सत्यनिष्ठा को प्रभावित करने वाली हेराफेरी या गड़बड़ी वाले कारोबार का पता लगाने और उसे रोकने के लिए बाजार की निगरानी करना और नियामक की प्रवर्तन कार्रवाइयों का समर्थन करने वाली जानकारी प्रदान करना है।'

## एमआईआई अलर्ट तैयार करेगी

एमआईआई को बाजार में दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों की निगरानी करना, असामान्य या संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी देना और अलर्ट तैयार करके और उनका प्रसंस्करण करके बाजार मध्यस्थों के आचरण की निगरानी करना, व्यापार के औचित्य की तलाश करना और त्वरित विश्लेषण करना होता है।



## चूक की निगरानी होगी

निगरानी संबंधी चूक के तहत निगरानी में आई कोई चूक, निगरानी संबंधी गतिविधि की कोई अपर्याप्त जानकारी और निर्धारित समय में निगरानी उपायों को लागू करने में नाकामी के साथ उन्हें लागू करने में कोई देरी या केवल आंशिक रूप से लागू करना शामिल है।

■ उद्देश्य बाजार की सत्यनिष्ठा प्रभावित करने वाले हेराफेरी का पता लगाना

***जुर्माने की राशि इस प्रकार:*** *वित्तीय जुर्माने की राशि के संबंध में सेबी ने कहा कि यदि किसी एमआईआई का कुल वार्षिक राजस्व 1,000 करोड़ रुपये से कम है, तो निगरानी संबंधी चूक के पहले मामले में 25 लाख रुपये, दूसरे मामले में 50 लाख रुपये और तीसरे मामले से एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।*

## 20 लाख तक लगाया जाएगा जुर्माना

वहीं, किसी एमआईआई का कुल वार्षिक राजस्व 1,000 करोड़ रुपये से कम और 300 करोड़ रुपये तक होने पर चूक के पहले, दूसरे और तीसरे मामले में क्रमशः पांच लाख रुपये, 10 लाख रुपये और 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इसी तरह, यदि राजस्व 300 करोड़ रुपये से कम है, तो निगरानी संबंधी चूक के पहले, दूसरे और तीसरे मामले में क्रमशः एक लाख रुपये, दो लाख रुपये और चार लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

## दलीलें पेश करने का समय मिलेगा

एमआईआई में निगरानी संबंधी चूक की पहचान के बाद बाजार नियामक उस एमआईआई को अपनी दलीलें पेश करने का अवसर देगा। कोई भी जुर्माना लगाने से पहले नियामक इन दलीलों पर विचार करेगा। जुर्माना लगाए जाने पर संबंधित एमआईआई को 15 कार्य दिवसों के भीतर सेबी के निवेशक संरक्षण और शिक्षा कोष में राशि जमा करनी होगी।

## जुर्माने का ढांचा इन मामलों में लागू नहीं होगा

नियामक ने कहा कि निगरानी संबंधी चूक के लिए जुर्माने का ढांचा उन मामलों में लागू नहीं होगा, जहां इसका व्यापक बाजार प्रभाव पड़ता है या बड़ी संख्या में निवेशकों को नुकसान होता है या बाजार की अखंडता प्रभावित होती है। इसके अलावा यह दिशानिर्देश उन मामलों के लिए लागू नहीं होंगे जो प्रक्रियात्मक प्रकृति के हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# बीयर से पाएं स्किन की कई प्रॉब्लम से छुटकारा

बीयर केवल पार्टियों में पीने के काम नहीं आती बल्कि यह चेहरे को निखारने में भी काफी फायदेमंद है। इसमें पाया जाने वाला अल्कोहल पोर्स को साफ करके स्किन को हाइड्रेट भी करता है। जरूरत के अनुसार बीयर का इस्तेमाल करना शरीर और फेस दोनों के लिए लाभकारी हैं। किडनी में स्टोन होने पर इसे पीने से स्टोन गल कर बाहर आ जाता है और अगर आपके फेस पर मुहांसे, ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स है तो आप इस से बने फेस पैक का इस्तेमाल करके चेहरे को निखार सकते हैं। आज हम आपको इससे बने 5 फेस मास्क बताएंगे, जिसे यूज करके आप स्किन की परेशानियों से छुटकारा पा सकते हैं।

**1. ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स से पाएं छुटकारा**

अगर आप चेहरे पर हुए ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स से परेशान है तो आप घर पर इस फेस पैक को बना कर इस्तेमाल कर सकते है। इस पैक को बनाने के लिए 3 स्ट्राबेरीज पीस लें और फिर इसमें 3-4 बूंद बीयर की मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस पैक को अपने चेहरे पर लगाएं और 20 मिनट बाद धो लें। इसे लगाने से आप ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स से हमेशा के लिए छुटकारा पा सकते हैं।

**2. ऑयली स्किन के लिए फेस पैक**

अगर आपकी स्किन ऑयली है तो इस पैक को ट्राई कर सकते हैं।



इसे बनाने के लिए एक बाउल में 2 चम्मच ऑलिव ऑयल, 2 चम्मच शहद, 1 चम्मच नींबू का रस और बीयर की कुछ ड्रॉप्स अच्छी तरह से मिक्स कर लें। फिर इसे फेस पर 15 मिनट तक लगाए और बाद में धो लें। इसे सप्ताह में एक बार ही लगाएं।

**3. क्लीनजिंग करने के लिए**

स्किन थकी-थकी और रूखी लगने पर आप इस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। एक बाउल में 1 चम्मच बीयर, एक अंडा और बादाम तेल के 2 ड्रॉप्स डाल कर अच्छे से मिक्स करके पैक बना लें। इस पैक को लगाने से पहले चेहरे को अच्छी तरह धो लें। यह पोर्स में मौजूद गंदगी और टॉक्सिन को साफ करके स्किन फ्रेश बना देगा।

**4. ग्लोइंग फेस के लिए**

अगर आप स्किन पर ग्लो लाना चाहते हैं तो आप इस पैक से कुछ मिनटों में स्किन को चमका सकते हैं। इसे बनाने के लिए बीयर की कुछ ड्रॉप्स को 1 चम्मच प्लेन दही, नींबू के रस, एग व्हाइट और बादाम तेल में मिलाएं और फिर पेस्ट की तरह बनने पर इसे फेस पर लगाकर सूखने दें। फिर कुछ मिनटों के बाद ठंडे पानी से धो लें। इससे आपका फेस काफी ग्लो करने लगेगा।

**5. मुंहासों से पाएं छुटकारा**

अगर आप मुंहासों से परेशान है तो 1 अंडा, 2 चम्म्च शहद और बीयर को मिला कर पेस्ट की तरह पैक बना लें और फिर इसे रूई के साथ मुंहासे पर 15 मिनट के लिए लगा रहने दें और फिर गुनगुने पानी से धो लें। इस पैक का इस्तेमाल आप गर्दन, चेहरे, पीठ या चेस्ट पर कर सकते हैं।

## आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर है धतूरे का पौधा, कई बीमारियां होंगी दूर



धतूरे पौधे का इस्तेमाल हिन्दू धर्म में भगवान को चढ़ाने और भांग बनाने के लिया किया जाता है। इसके अलावा धतूरे का इस्तेमाल आयुर्वेदिक औषधिए बनाने के लिए किया जाता है। आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर धतूरा सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। धतूरे का सेवन दमा, शरीर में सूजन, गर्भधारण, मिर्गी, बवासीर और कमजोरी जैसी अनेक बीमारियों को दूर करने में मदद करता है। आज हम आपको धतूरे के सेवन से दूर होने वाली बीमारियों के बारे में बताने जा रहें है।

**1. बवासीर**

धतूरे के फूल या पत्तियों को जला लें। इसके बाद इसके धुएं से बवासीर के मस्सों की सिकाई करें। इसके अलावा धतूरे के पत्तों को पीसकर इसका सेवन करने से भी बवासीर की समस्या खत्म हो जाती है।

**2. गठिया**

धतूरे का रस निकालकर तिल के तेल में मिक्स करके गर्म करें। इसके बाद इस तेल से दर्द वाली जगहें पर मालिश करें। नियमित रूप से इसकी मालिश गठिया रोग को दूर कर देती।

**3. बदन दर्द**

धतूरे की पत्तियों, फूल, बीच को पीसकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को सरसों या तिल के तेल में पका लें। इस तेल को दर्द वाली जगहें पर लगाने से आपको दर्द से तुरंत आराम मिल जाएगा।

**4. गर्भधारण**

2.5 ग्राम धतूरे के चूर्ण में घी मिक्स करके रोजाना सेवन करें। इससे महिलाओं को जल्दी गर्भधारण करने में मदद मिलती है।

**5. आंख में दर्द**

आंख में दर्द, सूजन या ईफेक्शन को दूर करने के लिए इसके अर्क की कुछ बूंदें डालें। इससे आपको तुरंत आराम मिल जाएगा।

**6. बवासीर**

धतूरे के पत्तों को जलाकर इसके धुएं से बवासीर के मस्सों पर सेंक करें। इसके अलावा धतूरे के बीजों के तेल की मालिश करने से भी बवासीर दूर हो जाती है।

**7. कान दर्द**

कान दर्द होने पर 250 मि.ग्राम सरसों का तेल, 60 मि.ग्राम गंधक और 500 ग्राम धतूरे के पत्तों को धीमी आंच पर पकाएं। इसके बाद इस तेल की 2 बूंदे कान में डालें। इससे कान का दर्द तुरंत गायब हो जाएगा।

**8. बुखार**

बुखार या कफ होने पर 125 -250 मि.ग्राम धतूरे के बीजों की राख मरीज को दें। इससे बुखार या कफ गायब हो जाएगा।

## रोजाना 30 मिनट करें यह योग, दूर होंगी कई बीमारियां


बिगड़ते लाइफस्टाइल और गलत खान-पान के कारण आजकल लोग कई बीमारियों का शिकार हो जाते है। इससे छुटकारा पाने के लिए लोग दवाइयों के साथ-साथ कई घरेलू नुस्खें भी करते है। इसके अलावा खुद को हेल्दी रखने के लिए लोग रोजाना हेल्दी फूड का सेवन और एक्सरसाइज करते है। आज हम आपको ऐसी ही एक एक्सरसाइज के बारे में बताने जा रहें है जिसे करने से आप हेल्दी तो रहेंगे साथ ही इससे कई बीमारियां भी दूर हो जाएगी। रोजाना आधे घंटे इस व्यायाम करने को नियमित रूप से करने पर आपको कई हेल्थ बेनिफिट्स होंगे। तो चलिए जानते है आपकी कई परेशानियों को दूर करने वाले व्यायाम के बारे में।

**कपालभाति करने का तरीका**

वैसे तो कुछ लोग रोजाना हल्की-फुल्की एक्सरसाइज करते है लेकिन कपालभाति करने से आपकी कई परेशानियां दूर हो जाएगी। कपालभाति एक ऐसी सांस की प्रक्रिया है जो सिर तथा मस्तिष्क की क्रियाओं को नई जान प्रदान करती है। इसके लिए ध्यान की मुद्रा में बैठकर आंखें बंद करें और शरीर को ढीला छोड़ें। इसके बाद धीरे से सांस अंदर ले और उसके बाद बाहर छोड़ें। शुरूवात इसे 30 बार करें और धीरे धीरे इसे 100-200 तक करें। 5-10 मिनट तक इस योग को करने से आपकी कई परेशानियां दूर हो जाएगी।

**कपालभाति योग करने के फायदे:**

1. 10 से 15 मिनट रोजाना इस योग को करने से आपके शरीर में रक्त प्रवाह अच्छे से होता है। इसके कारण आपकी स्किन ग्लो करने लगती है।
2. मोटापा कम करने के लिए लोग न जाने क्या-क्या करते है। रोजाना 25 मिनट तक कपालभाति करने से आपकी शरीर की काफी कैलोरी बर्न होती है और मोटापा कम होता है।
3. इसे करने से आप पूरा दिन फ्रेश तो महसूस करते ही है साथ ही इससे तनाव भी दूर होता है।



4. कपालभाति करने से पाचनतंत्र बहुत मजबूत होता है, जिससे कब्ज, एसिडिटी और गैस जैसी समस्याएं दूर रहती है। जिन लोगों को खाना पचाने में प्रॉब्लम होती है उनके लिए यह योग सबसे बेस्ट है।
5. रोजाना इस योग को करने से आपकी नाड़ियां स्वस्थ रहती है। इससे आपको किसी प्रकार की कोई समस्यां नहीं होती।
6. यह योग करने से पेट की मासपेशियों सक्रिय रहती है जो कि डायबिटीज मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद है।

**इन लोगों को नहीं करना चाहिए कपालभाति**

हर्निया, मिर्गी, स्लिप डिस्क, कमर दर्द, हाइपरटेंशन, पेट की सर्जरी के बाद और स्टेंट के मरीजों कों यह योग नहीं करना चाहिए। इसके अलावा महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान, गर्भावस्था से पहले और बाद में यह योग नहीं करना चाहिए।

## लंबे समय दिखना हैं जवान तो डाइट में शामिल करें यह चीज

बढ़ती उम्र में लोगों को त्वचा और सेहत संबंधित कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उम्र बढ़ने पर चेहरे पर झुर्रियां पड़ने लगती हैं। अगर आप चाहते हैं कि बढ़ती उम्र में भी जवा दिखें तो अपनी डाइट में सलाद को शामिल करें। सलाद सेहत के लिए सबसे अधिक पौष्टिक आहार हैं। रोजाना इसे खाने से आप लंबे समय तक जवान दिख सकते हैं। कुछ लोग सलाद में फलों और सब्जियों का सेवन भी करते हैं। आप सलाद जितनी अधिक प्रकार का लेगें उतना ही आपकी सेहत को फायदा मिलेगा। आज हम आपको बताते हैं सलाद खाने के फायदे

**1. वजन को रखें कंट्रोल**

कुछ लोगों को बार-बार खाने की आदत होती हैं। जिसके कारण उनका वजन बहुत तेजी से बढ़ने लगता हैं। अगर आपको भी यही आदत हैं तो आप अपने खाने में सलाद लें। जिससे आपका पेट भी भरेगा और वजन भी नहीं बढ़ेगा।

**2. अनिद्रा**

सलाद में ऐसे पदार्थ पाए जाते हैं जो अनिद्रा की परेशानी को दूर करते हैं। अगर आपको अच्छी नींद न आने की प्रॉब्लम हैं तो आपको रोजाना सलाद खाना चाहिए।

**3. रोगों से रखें दूर**

सलाद में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर शरीर को बीमारियों से दूर रखते हैं। सलाद खाने से पेट साफ रहता है और कब्ज की समस्या नहीं होती।

**4. ग्लोइंग फेस**

ग्लोइंग स्किन पाने के लिए लोग न जाने क्या-क्या तरीके अपनाते हैं। सलाद का सेवन करने से आपकी स्किन नैचुरली ग्लोइंग होगी।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# मलाइका अरोड़ा से ब्रेकअप के बाद टेंशन में अर्जुन कपूर



**मलाइका अरोड़ा** और अर्जुन कपूर के रिलेशनशिप के 5 साल बाद ब्रेकअप की खबरें सोशल मीडिया पर छाई हुई है। इस बीच अर्जुन कपूर का फर्स्ट अपीयरेंस सामने आया है, जिसमें एक्टर की हालात ठीक नहीं लग रही है। सोशल मीडिया पर फैंस कह रहे हैं कि अर्जुन को सदमा लगा है क्या? यह वीडियो सुर्खियां बटोर रहा है। वायरल वीडियो में अर्जुन एक हॉस्पिटल के बाहर दिख रहे हैं। उन्होंने फैंस के साथ सेल्फी भी ली।अर्जुन कैजुअल कपड़ों में घूमते दिख रहे हैं। एक्टर ने ब्रेकअप की अफवाहों के बीच एक क्रिप्टिक पोस्ट किया था। यह पहली बार नहीं है है जब मलायका अरोड़ा और अर्जुन कपूर अपने ब्रेकअप की वजह से एंटरटेन वर्ल्ड में चर्चा का केंद्र बने हैं। पिछले साल भी दोनों के ब्रेकअप की अफवाहें हैडलाइन बनी थीं। ऐसी अफवाहें थीं कि वे कुशा कपिला को डेट कर रहे हैं। एक्ट्रेस ने इसको बिना सिर-पैर वाली खबर बताया था। मलाइका अरोड़ा से उनके बेटे अरहान खान ने पॉडकॉस्ट में पूछा था कि वह शादी कब कर रही हैं ? इसपर जवाब देते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि वह अपने जिंदगी के सबसे हसीन दौर में है। एक्ट्रेस के मैनेजर ने एक मीडिया चैनल से दोनों के ब्रेकअप की खबरों को पूरी तरह से अफवाह बताया है और कहा था कि दोनों सितारे अभी साथ में काम कर रहे हैं।



G. D. JALAN COLLEGE

Estd. : 2011

Affiliated to University of Mumbai & M.S. Board (MARWARI MINORITY)

*Upper Govind Nagar, Malad (East)*

NAAC accredited with B+ ISO 9001: 2015 Certified College

Admissions Open

The following programs are as per National Education Policy (NEP 2020)

B.Com.: : Bachelor of Commerce

B.Com.: : Bachelor of Commerce (Management Studies)

B.A.F.: : Bachelor of Commerce (Accounting and Finance)

B.Sc.: : Bachelor of Science

B.Sc.I.T.: : Bachelor of Science (Information Technology)

College Code : MU-0527

Contact Number: 9321558419/ 9321674124